>

Title: Need to provide stoppage to Swaran Shatabdi Express at Tundla Junction in Uttar Pradesh.

**श्रीमती सीमा उपाध्याय (फतेहपुर सीकरी):** भारतीय रेल अपने विशाल नेटवर्क से यात्री और माल का परिवहन करने वाली राष्ट्रीय संवाहक के रूप में भारत के आर्थिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। जिन क्षेत्रों में रेल की सुविधा नहीं है, वहां के लोग लगातार रेल सुविधाओं की मांग विभिन्न माध्यमों से करते रहे हैं।

इसी क्रम में दिल्ली से लखनऊ चलने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस (अप-डाउन) की टूंडला जंक्शन पर ठहराव की लम्बे समय से मांग की जा रही है। इस ठहराव से कई जनपदों के यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी। टूंडला जंक्शन ताजमहल के समीप है। यदि टूण्डला पर उक्त ट्रेन का ठहराव कर दिया जाता है तो पर्यटन की दृष्टि से भी यह कदम लाभदायक है और रेलवे की आय भी इससे बढ़ेगी तथा स्थानीय नागरिकों को भी सुविधा मिल सकेगी।

मेरा आग्रह है कि रेल मंत्रालय स्थानीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की मांगों के अनुरूप सकारात्मक कदम उठाते हुए टूण्डला जंक्शन पर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव अविलम्ब करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।